एक नजर में

कैदियों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग 28 को

राजगढ़ 23 जुलाई, का. एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की समय पर जांच, वायरल हेपेटाइटिस-बी एवं सी पॉजिटिव मरीजों की वायरल लोड टेस्टिंग तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई. जेल इंटरवेंशन कार्यक्रम के अंतर्गत 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई. इन शिविरों में सभी कैदियों एवं हाई रिस्क ग्रुप के व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जाएगी. बैठक के पश्चात डी-सीआरजी की बैठक भी आयोजित की गई. इसमें समुदाय के समक्ष आ रही समस्याओं एवं चुनौतियों पर चर्चा करते हुए परियोजनाओं के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया.

पात्र श्रमिकों से लाभ लेने की अपील

राजगढ़ 23 जुलाई, का. ऋचा स्वयं सहायता समूह द्वारा जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्रम विभाग की फ्लैगशिप पेंशन योजना प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएम-एसवाईएम) पेंशन योजना की जानकारी से अवगत कराया गया. कार्यक्रम में जिला श्रम अधिकारी सौरव गुप्ता एवं श्रम निरीक्षक मनोज चौहान ने उपस्थित सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक के साथ-साथ समूह के महिला सदस्यों और उद्यमियों को योजना की पात्रता, पंजीयन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्र सदस्यों से योजना का लाभ लेने की अपील की. अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए संचालित एक अंशदायी पेंशन योजना है. योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु के ऐसे असंगठित श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रूपये तक है तथा जो ईपीएफओ, ईएसआईसी, एनपीएस अथवा आयकरदाता नहीं हैं. पंजीयन के लिए पात्र हैं. लाभार्थी द्वारा आयु के अनुसार निर्धारित मासिक अंशदान जमा करने पर केंद्र सरकार भी समान राशि का अंशदान करती है.

भूमि बेचना है
नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है. सरेड़ी पटवारी
सम्पर्क करें : 9424406947
बिल : 09 अगस्त

पार्वती परियोजना में नहीं मिलेगा विशेष पैकेज

विधानसभा में राघौगढ़ विधायक जयवर्द्धन सिंह के प्रश्न पर जलसंसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने दिया जवाब

किसानों ने कहा सुठालिया सिंचाई परियोजना में विशेष पैकेज से सरकार का पीछे हटना दुर्भाग्यपूर्ण, मुआवजा विसंगति दूर कर सभी प्रभावितों को समान न्याय मिले

पुनर्वास पर संशय, 2027 में पूर्ण करनी है परियोजना

नवभारत न्यूज

सुठालिया 23 जुलाई, सं. सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों ने विधानसभा में जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट द्वारा दिए गए उत्तर पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जून 2023 में परियोजना प्रभावित किसानों के लिए घोषित विशेष पैकेज से सरकार का पीछे हटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है.

किसानों का कहना है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से की गई घोषणा से प्रभावित परिवारों में न्याय मिलने की आशा जगी थी, लेकिन विधानसभा में दिए गए उत्तर से उनकी उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचा है.

राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में जल संसाधन मंत्री ने विशेष पैकेज के संबंध में नकारात्मक जवाब दिया. वहीं मुआवजा विसंगति के प्रश्न पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि 24 अप्रैल 2026 से पूर्व पारित अवार्डों पर दो गुना तथा उसके बाद पारित अवार्डों पर चार गुना मुआवजा दिया जाएगा.

डैम प्रभावित किसानों ने इस व्यवस्था पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह परियोजना अभी भी रनिंग परियोजना है। एक ही परियोजना, एक ही गांव, एक ही अधिसूचना और समान प्रकार की भूमि होने के बावजूद किसानों को अलग-अलग दरों से मुआवजा दिया जाना न्याय और समानता के सिद्धांतों के विपरीत है। किसानों का कहना है कि एक ही परियोजना में किसी को दो गुना और किसी को चार गुना मुआवजा देना गंभीर विसंगति है, जिसे सरकार को तत्काल दूर करना चाहिए.

प्रभावित किसानों का कहना है कि जब राज्य सरकार ने चार गुना मुआवजा देने का निर्णय लिया, तब पहले से संचालित परियोजनाओं में उत्पन्न होने वाली मुआवजा विसंगति को समाप्त करने के लिए भी आवश्यक प्रावधान किया जाना चाहिए था. ऐसा नहीं होने से बड़ी संख्या में किसान स्वयं को उपेक्षित और अन्याय का शिकार महसूस कर रहे हैं. किसानों ने शासन से मांग की है कि सुठालिया सिंचाई परियोजना के सभी प्रभावित किसानों को समानता के आधार पर न्याय दिलाते हुए मुआवजा विसंगति समाप्त की जाए तथा पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा घोषित विशेष पैकेज पर भी सकारात्मक निर्णय लिया जाए.

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही इस विषय पर पुनर्विचार कर न्यायपूर्ण निर्णय नहीं लिया, तो प्रभावित किसान लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे. आवश्यकता पड़ने पर किसान मुआवजा वापस करने सहित अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए व्यापक जनआंदोलन का रास्ता अपनाएंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी.

परियोजना से प्रभावित किसान जिन्हें दो गुना मुआवजा दिया गया है जशरथसिंह गुर्जर, अर्जुनसिंह गुर्जर गांव गूजरखेड़ी, लाखनसिंह लोधी वैराड़, नारायण सिंह चौहान, गोविन्द सिंह राजपूत कादीखेड़ा, मोहरसिंह लोधी, अमरसिंह लोधी रघुनाथपुरा, शंकर सिंह सौलंकी, जगदीश केवट तेजाखेड़ी

4 जिलों के 174 गांवों को मिलना है सीधा लाभ

अधिकारियों ने बताया कि परियोजना से 174 ग्रामों को प्रत्यक्ष सिंचाई लाभ मिलेगा, जिनमें सुठालिया तहसील के 73, ब्यावरा तहसील के 71 तथा नरसिंहगढ़ तहसील के 30 ग्राम शामिल हैं. ग्राम मऊ एवं कानरखेड़ी स्थित पंप हाउसों से क्रमशः 21,077 हेक्टेयर एवं 28,723 हेक्टेयर क्षेत्र में पाइपलाइन आधारित सिंचाई व्यवस्था विकसित की जा रही है. परियोजना की वर्तमान प्रगति की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि मुख्य बांध का लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है. प्रभावित क्षेत्रों में राजगढ़ जिले के 34, गुना जिले के 8, भोपाल जिले के 18 तथा सीहोर जिले के 3 ग्रामों में लगभग 90 प्रतिशत भू-अर्जन कार्य पूर्ण किया जा चुका है. परियोजना से प्रभावित लगभग 1,675 परिवारों के पुनर्वास हेतु ग्राम मऊ एवं बड़ाबड़ला में सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त पुनर्वास कॉलोनियों का निर्माण भी किया जा चुका है. परियोजना के शेष निर्माण कार्य वर्ष 2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है.

15 दिवस में सभी लंबित कार्य पूर्ण करने के निर्देश

राजगढ़ 23 जुलाई, का. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में गुरूवार को समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित विभिन्न पोर्टलों एवं शिक्षा विभाग के लंबित कार्यों की ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, एडीपीसी, डीपीसी, लोक सेवा केंद्र प्रबंधक, सभी बीईओ, बीआरसीसी एवं संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे। बैठक में अपार आईडी निर्माण, स्कूल प्रोफाइल अपडेट, जन्म प्रमाण-पत्र, छात्रवृत्ति, ओलंपियाड पंजीयन, एनएमएमएस परीक्षा आवेदन सहित विभिन्न शैक्षणिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई. डॉ. गढ़पाले ने निर्देश दिए कि जिन विद्यार्थियों के दस्तावेज पूर्ण हैं, उनकी अपार आईडी निर्माण सहित सभी लंबित कार्य 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं. साथ ही विद्यालय प्रोफाइल अपडेट का कार्य दो दिवस में पूरा करने के निर्देश भी दिए.

समीक्षा के दौरान जिन विद्यालयों में अपार आईडी निर्माण की प्रगति कम पाई गई, वहां अतिरिक्त आधार शिविर आयोजित करने तथा विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. जन्म प्रमाण-पत्र एवं छात्रवृत्ति संबंधी लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने पर भी विशेष जोर दिया गया.

वीर कुंवर चैनसिंह का बलिदान दिवस आज

छारबाग स्थित समाधि स्थल पर होगा श्रद्धांजलि समारोह

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 23 जुलाई, सं. मालवा के अमर वीर और नरसिंहगढ़ रियासत के गौरव कुंवर चैनसिंह का बलिदान दिवस शुक्रवार को छारबाग स्थित उनकी समाधि पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया जाएगा.

समारोह में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित होकर वीर सपूत को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे. इस अवसर पर पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा.

अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हुए थे कुंवर चैनसिंह

जानकारी के अनुसार वर्ष 1824 में, जब देश में अंग्रेजी सत्ता अपना विस्तार कर रही थी और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अभी 33 वर्ष शेष थे, तब नरसिंहगढ़ रियासत के वीर राजकुमार कुंवर चैनसिंह ने अंग्रेजों की अधीनता स्वीकार करने से इनकार कर दिया. उन्होंने विदेशी शासन के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल फूंका और मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की. इतिहासकार उन्हें मालवा अंचल के उन अग्रणी स्वतंत्रता सेनानियों में मानते हैं, जिन्होंने 1857 की क्रांति से दशकों पहले ही अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ प्रतिरोध का स्वर बुलंद किया. उनका बलिदान भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रारंभिक अध्यायों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है. छारबाग स्थित उनकी समाधि आज भी वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा का पवित्र केंद्र बनी हुई है.

भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस मनाया

नरसिंहगढ़ 23 जुलाई, सं. भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस गुरुवार को कृषि उपज मंडी परिसर में मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश मेवाड़े ने की, जबकि मुख्य वक्ता संजय शेखर शर्मा रहे. उन्होंने संगठन की स्थापना, श्रमिक हितों के लिए किए गए कार्यों और राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया. कार्यक्रम में हम्माल-तुलावटी संघ सहित भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी श्रमिक उपस्थित रहे.

देवर-भाभी ने रची थी नाबालिग से दुष्कर्म की साजिश

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 23 जुलाई, का. नाबालिग से दुष्कर्म के एक चर्चित मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ब्यावरा रजनी प्रकाश बाथम की अदालत ने मुख्य आरोपी और उसकी भाभी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. न्यायालय ने माना कि मुख्य आरोपी रिंकेश उर्फ राकेश राठौर और उसकी भाभी सोनी उर्फ वर्षा ने मिलकर अपराध को अंजाम देने और उसमें सहयोग करने की भूमिका निभाई. दोनों आरोपी थाना सुठालिया क्षेत्र के निवासी हैं. शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक डॉली गुप्ता ने पैरवी की.

अभियोजन के अनुसार 14 वर्षीय पीड़िता ने 31 मार्च 2025 को थाना सुठालिया में शिकायत दर्ज कराई थी. उसने बताया था कि आरोपी पिछले करीब दो वर्षों से उसका पीछा करता और परेशान करता था. शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की.

जांच के दौरान न्यायालय में दर्ज कराए गए बयान में पीड़िता ने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी ने 26 मार्च 2025 की रात उसके घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया. इसके अलावा उसने यह भी बताया कि करीब दो वर्ष पहले आरोपी की भाभी सोनी उर्फ वर्षा ने उसे एक कमरे में मुख्य आरोपी के साथ बंद कर दिया था, जिसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया. पुलिस ने जांच के दौरान पीड़िता के न्यायालयीन बयान, आयु संबंधी दस्तावेज, चिकित्सकीय परीक्षण, डीएनए जांच तथा अन्य साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय में चालान पेश किया. सुनवाई के दौरान पीड़िता और उसके परिजनों ने अदालत में अपने पूर्व कथनों का पूरा समर्थन नहीं किया, लेकिन न्यायालय ने उपलब्ध वैज्ञानिक एवं अन्य साक्ष्यों का परीक्षण करते हुए दोनों आरोपियों को दोषी माना.

जिले का शातिर फतेहाबाद में अपराध करते धराया

ब्यावरा 23 जुलाई, का. फतेहाबाद जिले की टोहाना सिटी थाना पुलिस ने 7 लाख रुपए की चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनमें एक आरोपी जिले से है. जबकि दूसरा राजस्थान का रहने वाला है. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर चोरी की गई नकदी की बरामदगी एवं मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है. 10 जून को गांव कमालवाला निवासी सुरेश कुमार ने शिकायत दी थी कि उसने टोहाना में रेलवे रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक में अपने खाते से 7 लाख रुपए नकद निकाले थे. नकदी से भरा थैला, जिसमें बैंक पासबुक भी थी, उसने अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी की डिग्गी में रखकर लॉक कर दिया. लौटकर जब उसने स्कूटी की डिग्गी की जांच की तो नकदी से भरा थैला गायब मिला. बैंक के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर पता चला कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी स्कूटी से नकदी चोरी कर ले गया. कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के कादिया निवासी रितिक उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया.

संस्कार एकेडमी में ओरिएंटेशन डे का आयोजन

नवभारत न्यूज

पचोर 23 जुलाई, सं. नगर के आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी के सभागार (ऑडिटोरियम) में 20 जुलाई को नव-प्रवेशित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए पेरेंट्स ओरिएंटेशन डे का आयोजन किया. मुख्य अतिथि संस्कार एकेडमी के चेयरमैन दीपक गोयल, विद्यालय के डायरेक्टर्स दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा, श्रीमती सीमा गोयल तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीति तिवारी उपस्थित रहीं. संस्कार एकेडमी के आधार ब्लॉक की विभागाध्यक्ष (एच.ओ.डी) श्रीमती रुबी राजपूत ने संचालन किया. इसके बाद संस्कार एकेडमी का विजन, पाठ्यक्रम और एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग, विद्यालय के शैक्षणिक पाठ्यक्रम की जानकारी, समय-सारणी और वार्षिक कैलेंडर का वितरण, बाल मनोविज्ञान और व्यवहार, आनंददायक खेल और प्रश्नोत्तर आदि रोचक आयोजन किया गया.

युवक कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 23 जुलाई, सं. दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को न्यू बस स्टैंड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया. युवक कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस और शहर कांग्रेस के बैनर तले हुए धरना-प्रदर्शन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर इस्तीफे की मांग की गई.

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा बर्बर लाठीचार्ज करना लोकतंत्र की हत्या है. भाजपा सरकार छात्रों की आवाज को दबाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी. शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा देना चाहिए.

युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष राहुल चौहान ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना हर छात्र का अधिकार है. छात्रों के हर न्यायपूर्ण संघर्ष में युवक कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी हमेशा उनके साथ मजबूती से खड़ी है और आगे भी उनकी आवाज़ बुलंद करती रहेगी. प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया.

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अभय सिसोदिया, शहर अध्यक्ष लखन राजपूत, पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद अली, प्रमोद सादानी, वरिष्ठ नेता प्रदीप सादानी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, शहर अध्यक्ष आबिद लोदी, जिला महासचिव समीर मेव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोहन सिंह पाल, राधेश्याम, काका, युवा नेता अखिलेश राठी, रामचरण नायक, महासचिव मधुसूदन राजपूत, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश ठाकुर, सेवादल शहर अध्यक्ष अजय जाटव, पवन राज, गौरव शर्मा, एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अलरजा कुरैशी, कान्हा अहीरवार, आनंद जाटव, वीरेंद्र जाटव, महेश सोनी, निज़ाम कुरेशी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

अनदेखी किसानों के 5 टीनशेडों पर व्यापारियों ने किया कब्जा

कृषि उपज मंडी में अव्यवस्था का आलम, किसान परेशान

किसानों के अनाज के लिए नही है जगह मात्र एक टीनशेड, बारिश में किसानों के सामने समस्या, मंडी प्रशासन मौन

नवभारत न्यूज

जीरापुर 23 जुलाई, सं. जिले कि अनाज मंडियों में नगर की अनाज मंडी अपना विशेष स्थान रखती है. लेकिन इस कृषि उपज मंडी में किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है.

जबकि दूर-दूराज से किसान अपना अनाज लेकर मंडी में नीलामी हेतु आते हैं, लेकिन मंडी प्रशासन की अनियमितता एवं लचीली कार्यप्रणाली व्यापारियों से मिलीभगत से मंडी के अधिकांश टीनशेड पर व्यापारियों ने कब्जा कर अपना अनाज टीन शेड में जमा रखा है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी परिसर में कुल 6 टीनशेड बने हुए हैं. इनमें से 5 टीनशेड पर व्यापारियों ने अपना माल रखकर कब्जा कर रखा है, जबकि किसानों के अनाज के लिए मात्र एक ही टीनशेड छोड़ रखा है. उसी एक टीनशेड में व्यापारी किसानों के अनाज की बोली लगाते हैं.

अनाज की आवक अधिक होने पर स्थिति और भी बिगड़ जाती है. किसानों को अपना अनाज खुले आसमान तले रखना पड़ता है. वहीं पर नीलामी होती है. ऐसे में बारिश के मौसम में किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

उनका अनाज भीग जाता है और उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है, लेकिन इस ओर न तो मंडी प्रशासन का ध्यान है और न ही व्यापारियों को अपना अनाज अन्य गोदाम में रखने के लिए मण्डी प्रशासन व्यापारी को अनाज हटाने के लिए किसी तरह कि पहल करते है.

सबसे बड़ा सवाल यह है कि किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए टीनशेड पर व्यापारियों का कब्जा क्यों है और मंडी प्रशासन कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है ?

इस संबंध में जब मंडी सचिव हरिप्रसाद वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कल भोपाल में मीटिंग में रहूंगा, परसों के दिन निश्चित ही व्यापारियों का माल टीनशेड से हटा दिया जाएगा.

नवभारत विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो .9993866399

न्यायालय नायब तहसीलदार ठप्पा तलेन जिला राजगढ़ म.प्र.

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कस्बा तलेन स्थित भूमि सर्वे नंबर 264/2 रकबा 2.023 हेक्टर में से 2.000 हे. भूमि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन के संबंध में श्रीमान कलेक्टर महोदय राजगढ़ के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था. अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था अभिभाषक को कोई आपत्ति हो तो वह प्रकरण में नियत दिनांक 28/07/2026 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि या अभिभाषक के माध्यम से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है. नियत दिनांक के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी. आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया.

नायब तहसीलदार
ठप्पा तलेन जिला राजगढ़
म.प्र.